

# नारी सशक्तीकरण के संकल्प को मजबूत करने निकला भव्य जुलूस

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में निकाले जुलूस में शामिल हुईं राज्य मंत्री राधा सिंह




नवभारत न्यूज

**सीधी 16 अप्रैल। नारी सशक्तीकरण के संकल्प को मजबूत करने आज गुरूवार को शहर में भव्य जुलूस निकला। राज्य मंत्री राधा सिंह की अगुवाई और मुख्य आतिथ्य में पदयात्रा निकाली गई।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अत्यंत महत्वाकांक्षी संविधान संशोधन नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में जिले की महिलाओं ने मध्यप्रदेश सरकार की राज्यमंत्री राधा सिंह की अगुवाई और मुख्य आतिथ्य में एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान के निर्देशन में विशाल जुलूस बैनर, पोस्टर एवं नारे लिखी हुई दप्पतियो के साथ निकली गई भव्य एवं शानदार महिलाओं की रैली स्थानीय पूजा पार्क सीधी से होते हुए अस्पताल चौक, सम्राट चौक, कोतवाली मार्ग, गल्ला मंडी, गांधी चौक होते हुए स्थानीय पूजा पार्क के विशाल प्रांगण में समाप्त हुई। जहां पर महिलाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति, महिलाओं के सम्मान में भाजपा मैदान में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के साथ प्रधानमंत्री के प्रति अपार स्नेह एवं आभार के साथ संपन्न हुई।

रैली में बहनों का उत्साह हाई रहा, हजारों की संख्या में जिले के विभिन्न अंचलों से शामिल हुई। उल्लेखनीय है कि नारी शक्ति बंधन अधिनियम से महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभा में 33 प्रतिशत सीट आरक्षित होगी और देश के दिशा निर्धारण में महिलाओं की अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूती देने के लिए मध्य प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री राधा सिंह की अगुवाई एवं मुख्य आतिथ्य में सैकड़ो महिलाओं के साथ रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लोकसभा एवं राज्यसभा में पूर्ण बहुमत के साथ पारित करना है।

### कार्यक्रम में ये रहीं शामिल

कार्यक्रम में अभियान की संयोजक डॉ.मनीला सिंह चौहान, सह संयोजक सुनीता रानी वर्मा, पार्षद पूनम सोनी, विभा शर्मा, जिला पंचायत सदस्य सरस्वती बहेलिया, अनीता चौरसिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह, जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह कुशराम, महिमा तिवारी, पूर्व जन भागीदारी अध्यक्ष नीलम पाण्डेय, निशा सिंह चौहान, संगीता सिंह चौहान, ज्योति कुशवाहा, कंचन केसरी सहित सैकड़ो महिलाएं रैली में शामिल हुई।



# तीन विद्यालयों में आयोजित हुए परामर्श सत्र, दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

## छात्राओं को एचपीवी टीकाकरण के प्रति किया जागरूक

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 अप्रैल। जिला प्रशासन द्वारा चिरैया कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर जिले के गणेश हायर सेकेण्डरी स्कूल अमहा, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सीधी खुर्द एवं शासकीय आदर्श कन्या मॉडल बेसिक स्कूल सीधी में परामर्श सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों के माध्यम से विशेष रूप से छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया।**

कार्यक्रम में नर्सिंग अधिकारी आरती शुक्ला एवं महिमा मिश्रा ने छात्राओं को एचपीवी टीकाकरण के महत्व, आवश्यकता एवं उसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है जो समय रहते टीकाकरण के माध्यम से रोकी जा सकती है। एचपीवी टीका भविष्य में इस बीमारी से सुरक्षा प्रदान करता है इसलिए निर्धारित आयु वर्ग की सभी बालिकाओं को यह टीका अवश्य लगवाना चाहिए। चिरैया कार्यक्रम के तहत किशोर स्वास्थ्य से जुड़े अन्य विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इसमें प्रजनन स्वास्थ्य, एनीमिया के कारण एवं दुष्प्रभाव, व्यक्तिगत स्वच्छता का महत्व तथा संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। नर्सिंग अधिकारियों ने बताया कि 14 से 15 वर्ष 3 माह आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए एचपीवी टीका पूर्णतः सुरक्षित और निःशुल्क है। टीकाकरण अभियान की अंतिम तिथि 31 मई 2026 निर्धारित की गई है इसलिए सभी पात्र छात्राएं समय रहते टीकाकरण अवश्य कराएं। सत्र के अंत में छात्राओं को स्वयं टीकाकरण कराने के साथ-साथ अपने परिवार एवं सहेलियों को भी इसके लिए प्रेरित करने के लिए जागरूक किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए अधिक से अधिक छात्राओं को इससे लाभान्वित करने का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण कराकर अपनी बेटियों का एचपीवी टीकाकरण समय पर कराएं, ताकि उन्हें भविष्य में गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सके।



# मॉरिशन पब्लिक स्कूल में कक्षा-10वीं के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट परिणाम

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 अप्रैल। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 2026 में भी मॉरिशन पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट सफलता हासिल की है।**

अभय सिंह परिहार ने 96.8 प्रतिशत के साथ सामाजिक विज्ञान में 100, हिन्दी में 98, विज्ञान में 96, अंग्रेजी एवं गणित में 95 अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। द्वितीय स्थान में दिव्यांशी सिंह ने 94.6 प्रतिशत के साथ गणित में 99, हिन्दी 96 एवं सामाजिक विज्ञान में 96, अंग्रेजी 91 एवं विज्ञान में 91 प्राप्त किए हैं। तृतीय स्थान पर अभिमन्यु पटेल 90.8 ने सामाजिक विज्ञान में 96, अंग्रेजी और विज्ञान में 93, हिन्दी में 92 एवं गणित में 80 अंक प्राप्त किये हैं। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय प्रबंधक, प्राचार्य डी.पी. मिश्रा एवं समस्त शिक्षकगण इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# गणेश स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई 10वीं परीक्षा में रचा सफलता का इतिहास



नवभारत न्यूज

**सीधी 16 अप्रैल। स्थानीय एसजीएसएस रेसिडेंशियल स्कूल पड़रा सीधी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं परीक्षा सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के इस शानदार परिणाम से न केवल विद्यालय परिवार बल्कि पूरे जिले में गर्व और हर्ष का वातावरण है।**

विद्यालय की मेधावी छात्रा प्रिंसी द्विवेदी ने 96120 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इसी क्रम में अन्य विद्यार्थियों ने भी शानदार अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इनमें ऋतिका शुक्ला 95.80 प्रतिशत, निखिल मिश्रा 93 प्रतिशत, अमन मिश्रा 92.80 प्रतिशत, आरजू तिवारी 90.40 प्रतिशत, संजिता बिस्वास 90 प्रतिशत, पायल गुप्ता 90 प्रतिशत, नक्षत्र चतुर्वेदी 90 प्रतिशत, यशराज पटेल 89.20 प्रतिशत एवं वर्षा गुप्ता 89.20 प्रतिशत शामिल हैं। सभी विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट परिणाम से विद्यालय का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ.महेन्द्र कुमार तिवारी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, लगन एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। वहीं विद्यालय के संचालक नीरज शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। यह परिणाम उसी दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही सहायक निदेशक अरुण ओझा, प्रधानाध्यापिका माएमा सिमन्स तथा परीक्षा प्रभारी धर्मेन्द्र मिश्र सहित समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# स्वामी विवेकानंद एकेडमी का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत



नवभारत न्यूज

**मझौली 16 अप्रैल। सीधी जिले के मझौली अंचल स्थित स्वामी विवेकानंद एकेडमी हायर सेकेण्डरी स्कूल के कक्षा 10वीं का परिणाम 100 प्रतिशत रहा।**

परीक्षा में उच्चतम अंक से उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों में श्लोक दीक्षित 96.6 प्रतिशत प्रथम, हरिओम गुप्ता 95.6 प्रतिशत द्वितीय, महक गुप्ता 95 प्रतिशत तृतीय व भूमिका गुप्ता व साक्षी गुप्ता 94.6 प्रतिशत शामिल हैं। इसके साथ ही विद्यालय के 25 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की, 6 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण पास हुए। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर नेहा गुप्ता ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए सभी बच्चों को शुभकामनाएं दीं तथा विद्यालय में कार्यरत प्राचार्य, उपप्राचार्या एवं सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं के प्रति बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त की।

# महिला आरक्षण पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने किया सोनिया गांधी का समर्थन

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 अप्रैल। पूर्व नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सिंह ने महिला आरक्षण विधेयक के मुद्दे पर श्रीमती सोनिया गांधी के रुख का पुरजोर समर्थन करते हुए केन्द्र की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया है।**

अजय सिंह ने कहा कि श्रीमती सोनिया गांधी ने अपने आलेख के माध्यम से जो तथ्य देश के सामने रखे हैं वे भाजपा के उस पाखंड को बेनकाब करते हैं जिसे ऐतिहासिक बताकर प्रचारित किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे सोनिया जी की इस मांग के साथ मजबूती से खड़े हैं कि महिलाओं को उनके हक के लिए दशकों तक इंतजार करवाना उनके साथ क्रूर मजाक है। श्री सिंह ने याद दिलाया कि महिला आरक्षण के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता का ही परिणाम था कि साल 2010 में कांग्रेस नीत यूपीए सरकार ने इसे राज्यसभा से पारित करवा लिया था। सोनिया जी के नेतृत्व में लिए गए उस ऐतिहासिक निर्णय को भाजपा ने तब भी रोका था और आज भी वह इसे जनगणना और परिसीमन जैसी जटिल शर्तो की आड़ में भविष्य की अनिश्चित तारीखों पर टाल रही है। भाजपा की



नीयत में खोट साफ है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने सोनिया गांधी द्वारा उठाए गए क्षेत्रीय असंतुलन के मुद्दे को भी गंभीरता से रेखांकित किया। अजय सिंह ने आगाह किया कि आरक्षण को परिसीमन से जोड़कर भाजपा देश में एक खतरनाक उत्तर-दक्षिण विभाजन और क्षेत्रीय असंतुलन पैदा करने की साजिश रच रही है। चूंकि दक्षिण भारत ने सदैव भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति को सिरे से खारिज किया है इसलिए उन राज्यों को राजनैतिक रूप से कमजोर करने के लिए यह प्रपंच रचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह उन दक्षिण भारतीय राज्यों के खिलाफ सजा है जिन्होंने राष्ट्रहित में जनसंख्या नियंत्रण का उत्कृष्ट कार्य किया है। महिला आरक्षण जैसे पवित्र विषय को इस विवादित प्रक्रिया की बेड़ियों में जकड़ना यह साबित करता है कि भाजपा की रुचि महिलाओं के उत्थान में नहींए बल्कि अपने राजनैतिक नफे-नुकसान का गणित बैठाने में ज्यादा है। अजय सिंह ने कहा कि भाजपा विभिन्न राज्यों में हो रहे चुनावों में राजनीतिक लाभ उठाने के लिए इतनी जल्दबाजी दिखा रही है। यदि प्रधानमंत्री की नीयत साफ होती तो वे सोनिया गांधी की मांग को स्वीकार करते हुए तमाम अंतहीन तकनीकी शर्तों को हटाकर समावेशी भागीदारी को तत्काल प्रभाव से लागू करते। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा ने अपनी संकीर्ण मानसिकता नहीं बदली, तो देश की आधी आबादी इस राजनैतिक धोखे का करारा जवाब देगी।

### एक नजर में

## रश्मि पाण्डेय ने संभाला मझौली सीईओ का पदभार



**मझौली।** जनपद पंचायत मझौली में आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पदभार कुमारी रश्मि पाण्डेय ने संभाल लिया। पदभार संभालने के साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर पंचायतों में चल रहे कार्यों के प्रगति की जानकारी ली। गौरतलब है कि कुमारी रश्मि पाण्डेय इससे पूर्व जनपद पंचायत सिहावल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी थीं। वहीं मझौली के 6 महीने से जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनंजय मिश्रा प्रभार में थे। वह कभी कभार ही मझौली आते थे जिससे यहां का कामकाज काफी प्रभावित था।

## ओमिका का प्रदेश में 8वां स्थान, विद्यालय में जश्न



**चुरहट।** ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं ने यह साबित कर दिया है कि यदि हौसला बुलंद और दिशा सही हो तो कोई भी लक्ष्य नामुमकिन नही होता ऐसा ही वाक्या देखने को मिला जिले के चुरहट से 12 किलोमीटर की दूरी मे संचालित प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान शिवम पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल बड़खरा 734 की छात्रा ओमिका शुक्ला ने 10वीं हाईस्कूल के घोषित परीक्षा परिणाम मे प्रदेश की प्रवीण्य सूची मे आठवां स्थान अर्जित करते हुए सीधी जिले के सांथ ही चुरहट क्षेत्र एवं विद्यालय का नाम रोशन की हैं। छात्रा के पिता राजराखन शुक्ला भी इसी विद्यालय मे टीचर हैं। ओमिका ने मीडिया से चर्चा के दौरान बताया कि 7 घंटे नियमित पढ़ाई करती थी, स्कूल कि शिक्षा व्यवस्था बहुत अच्छी रही, पठन पाठन अच्छा रहा जिसकी बदौलत मैंने यह मुकाम हासिल की। ओमिका का कहना है कि 12वीं मे प्रदेश में प्रथम स्थान अर्जित करने का प्रयास करूंगी। छात्रा की इस सफलता पर विद्यालय मे जश्न का माहौल है। व्यवस्थापक श्रीमती पुष्पा मुकेश सोनी, प्राचार्य अनुराग पाण्डेय, शिक्षक राजराखन शुक्ला, अनूप अग्निहोत्री, संजय अग्निहोत्री, संदीप मिश्र, विनोद चतुर्वेदी, राजेश सिंह, शिक्षिकाएं श्रीमती नीता शुक्ला, श्रीमती स्मृता सिंह, श्रीमती प्रियंका गुप्ता, कु .नम्रता सिंह, कु .आकृति तिवारी, कु .सिम्पी अग्निहोत्री, कु .ज्योति तिवारी, कु .शालिमा पटेल, कु . मोनिका अग्निहोत्री, कु .प्रियांशू पाण्डेय सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ ने बधाई शुभकामनायें प्रेषित करते हुए छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना किये हैं, एवं संचालक द्वारा सम्मान भी किया गया।

# सरस्वती विद्यालय मड़रिया की दो छात्राओं ने प्रदेश मैरिट में मारी बाजी



नवभारत न्यूज

**सीधी 16 अप्रैल। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल परीक्षा में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़रिया सीधी की अनन्या वर्मा ने प्रदेश में तीसरा स्थान व अनन्या विश्वकर्मा ने नवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने परिवार को गौरवान्वित किया है।**

ज्ञात हो कि इसी क्रम में आयुष मिश्रा 96.4 प्रतिशत, काजल गुप्ता 96.2 प्रतिशत एवं रेनू गोस्वामी ने 96 प्रतिशत रिजल्ट प्राप्त किया है। इसमें 107 विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन व 10 विद्यार्थी सेकेंड डिवीजन से उत्तीर्ण हुए हैं। हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 116 विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन एवं 34 विद्यार्थी सेकेंड डिवीजन से उत्तीर्ण हुए हैं। जिनमें 90 प्रतिशत से ऊपर आने वाले विद्यार्थी में जागृति सोनी 95.4 प्रतिशत, निखिल सिंह 93.8, प्राची शुक्ला 91.6, जान्हवी विश्वकर्मा 91.2, सेजल मिश्रा 91.6, बाला सिंह 90.8 प्रतिशत, रश्मि सिंह 91 प्रतिशत, अनुराधा पांडे 90.6 प्रतिशत शामिल हैं। इसमें विद्यालय के अध्यक्ष एवं जिला सचिव विजय सिंह परिहार, व्यवस्थापक द्वारिका प्रसाद गुप्त, प्राचार्य राजकुमार सिंह, आचार्यों में दिवाकर प्रसाद द्विवेदी, राकेश कुमार मिश्र, आनंद तिवारी, छविराज सिंह, कप्तान सिंह, अमृत लाल सोनी, पुष्पेन्द्र मिश्रा, पवन कुमार पाण्डेय, शत्रुघ्न प्रसाद शुक्ला, संगीता सिंह, रश्मि द्विवेदी, अनुराधा मिश्रा, नमिता मिश्रा, राखी तिवारी, अतीन्द्र सिंह एवं सभी आचार्य ने भैया-बहनों को उनके शानदार सफलता के लिए बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किए हैं।

# सृष्टि सिंह ने सीबीएससी बोर्ड की परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



नवभारत न्यूज

**सीधी 16 अप्रैल। सीबीएससी बोर्ड की दसवीं के घोषित परीक्षा परिणाम में केन्द्रीय विद्यालय सीधी में अध्ययनरत छात्रा सृष्टि सिंह निवासी कपुरी-चुरहट ने 96.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।**

सृष्टि सिंह ने हिन्दी और सामाजिक विज्ञान में 98/100 अंक हासिल किया है। 15 अप्रैल 26 को परीक्षा परिणाम खुलने के साथ स्कूल पहुंचने पर केन्द्रीय विद्यालय सीधी के प्राचार्य व समस्त शैक्षणिक स्टापु ने छात्रा सृष्टि सिंह की उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। छात्रा सृष्टि सिंह कपुरी-चुरहट की माता श्रीमती नीतू सिंह एवं पिता सूर्यपाल सिंह राजन को भी उनके परिवार के सदस्यों और शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

# योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यह प्रशासन की जिम्मेदारी : विकास

## स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर कलेक्टर का जोर, नागरिकों को बेहतर सुविधा देने के निर्देश



नवभारत न्यूज

**सीधी 16 अप्रैल। कलेक्टर विकास मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक लेकर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और आम नागरिकों को बेहतर एवं सुलभ उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी को और अधिक प्रभावी बनाते हुए ऐसा सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जाए, जिससे प्रत्येक नागरिक को समय पर उपचार मिल सके।**

कलेक्टर ने चिकित्सकों की ड्यूटी के दौरान नियमित एवं प्रभावी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों में मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की मंशानुसार सभी आवश्यक जांच, उपचार एवं दवाएं पात्र लोगों को समय पर उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण उपचार और पोषण मिलना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने आयुष्मान भारत, प्रसूति सहायता, मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना, सिकल सेल एवं टीबी मुक्त भारत अभियान सहित सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य शिविरों के प्रभावी संचालन के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में नियमित रूप से शिविर आयोजित कर लोगों को जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं में संवेदनशीलता को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि मरीजों के साथ मानवीय व्यवहार किया जाए और उनकी समस्याओं का तत्परता से समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य केवल उपचार करना नहीं, बल्कि नागरिकों में विश्वास और संतोष का वातावरण निर्मित करना भी है।

अंत में कलेक्टर विकास मिश्रा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पूरी जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें, ताकि जिले के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बबीता खरे, सिविल सर्जन डॉ.एस.बी.खरे सहित जिला चिकित्सालय के समस्त चिकित्सक उपस्थित रहे।

### गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं की निरंतर निगरानी

कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी की जाए तथा आवश्यक सेवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं, ताकि मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। कुपोषण उन्मूलन की दिशा में पोषण पुनर्वास केन्द्र को और अधिक प्रभावी बनाने तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं को बढ़ाने के निर्देश दिए गए।